CMYK
Website : www.highwaychannel.in
छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार
# हाईवे चैनल
वर्ष- 28 अंक- 129 रायपुर, मंगलवार 3 जून 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## पूर्वोत्तर भारत में भारी तबाही का मंजर बाढ़ से 40 लोग मरे, 3 जवान शहीद

**नई दिल्ली,** 3 जून (न्यूज चैनल)। पूर्वोत्तर में बाढ़ से 40 मरे, कैंप भूस्खलन की चपेट में आने से 3 सैनिक शहीद और 6 की तलाश जारी

देश के पूर्वोत्तर के राज्यों असम, सिक्किम, मणिपुर, सिक्किम, मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा में समय से पहले आए मानसून से नदियों में बाढ आ गई है और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। बाढ और भूस्खलन की वजह से अब तक 41 लोगों की मौत हो चुकी है। सिक्किम के लाचेन जिले में सेना का एक कैंप भूस्खलन की चपेट में आ गया। इसकी वजह से सेना के तीन जवानों की मौत हो गई। किसी तरह चार लोगों को मलबे से निकाला गया लेकिन छह जवानों का अब तक कुछ पता नहीं चला है। मूसलाधार बारिश की वजह से भूस्खलन की ये घटना एक जनवरी की शाम 7 बजे हुई।

सिक्किम के सिक्किम के पुलिस महानिदेशक अक्षय सचदेवा के अनुसार, सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने मंगन जिले के लाचुंग में सड़क संपर्क बहाल कर दी है। छतेन में भूस्खलन के कारण लाचेन गांव में अब भी 100 से अधिक पर्यटक फंसे हैं। प्रशासन की ओर से कल यानी मंगलवार तक सबको निकाल लेने का आश्वासन दिया गया है। बाढ़ और बारिश ने पूर्वोत्तर के सभी राज्यों में तबाही मचा रखी है। असम के 19 जिले बाढ़ की चपेट में हैं जिससे करीब 4 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। ट्रेक पर पानी भर जाने से ट्रेन सेवा बंद है। मेघालय और मिजोरम में भी बाढ़ और भूस्खलन की वजह से भारी तबाही मची है। मेघालय के राष्ट्रीय उच्च मार्ग का एक हिस्सा बाढ़ के पानी में बह गया है। मिजोरम में हाइवे पर पहाड़



का मलबा गिरने से यातायात ठप हो गया है। त्रिपुरा के भी कई इलाके बाढ़ की चपेट में हैं। इन तीनों राज्यों में कई पुल बाढ़ की वजह से टूट गए हैं। मेघालय और मिजोरम में बाढ़ से 7-7 लोगों की मौत हुई है जबकि अरुणाचल प्रदेश में 10 लोगों की मौत हुई है।

मेघालय और मिजोरम में भी बारिश और बाढ़ ने भूस्खलन के साथ मिल कर भारी तबाही मचाई है। मेघालय में नेशनल हाइवे का एक हिस्सा बाढ़ के पानी में बह गया है। मिजोरम में भी पहाड़ी का मलबा गिरने से हाइवे पर आवाजाही ठप हो गई है। त्रिपुरा में 1500 से ज्यादा लोगों को राहत सिविरो में रखा गया है। 31 मई से लगातार हो रही बारिश के कारण मणिपुर में इंफाल शहर पानी में डूब गया है। राज्य में इंफाल और नंबुल नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। राज्य में एक हजार घरों को नुकसान पहुंचा है। सेना ने एक हजार से ज्यादा लोगों को निकाल कर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है।

## तेज रफ्तार इनोवा हादसे का शिकार, गुटखा थूकने के लिए दरवाजा खोलते ही गाड़ी पलटी

**बिलासपुर,** 3 जून (हाईवे चैनल)। बिलासपुर हाईकोर्ट के पास तेज रफ्तार इनोवा हादसे का शिकार हो गई। करीब 100 की स्पीड से दौड़ रही कार का ड्राइवर गुटखा थूकने के लिए चलते वाहन का दरवाजा खोल बैठा, जिससे गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराई और तीन बार पलटी खा गई। हादसे में पीछे बैठा एक युवा व्यवसायी गाड़ी से बाहर गिर गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कार में सवार अन्य दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनमें से एक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



हादसा रात करीब 1.30 बजे हुआ। युवक अपने दोस्तों के साथ पार्टी के बाद घर लौट रहा था। एनएच पर हाईकोर्ट के पास गुरुनानक ढाबा के सामने यह दुर्घटना हुई। बताया जा रहा है कि तेज रफ्तार कार जैसे ही ढाबे के पास पहुंची, ड्राइवर ने गुटखा थूकने के लिए कार का दरवाजा खोल दिया। इससे बैलेंस बिगड़ गया और गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई। गाड़ी लगातार तीन बार पलटी खा गई। दुर्घटना के दौरान ड्राइवर साइड का दरवाजा पहले से खुला था, वहीं पलटने के क्रम में पीछे का दरवाजा भी खुल गया। हादसे के दौरान आगे बैठे ड्राइवर और पीछे बैठे व्यवसायी युवक दोनों बाहर जा गिरे। युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि ड्राइवर को गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### टीवी एक्टर विभु राघवे का निधन

**नई दिल्ली,** 3 जून (न्यूज चैनल)। टीवी शो निशा और उसके कजिन्स में सौरव की भूमिका निभाने के लिए मशहूर अभिनेता विभु के राघवे का स्टेज 4 कैंसर के एक दुर्लभ रूप से तीन साल तक जूझने के बाद निधन हो गया है। अभिनेता, जिनका असली नाम वैभव कुमार सिंह राघवे था, ने मुंबई में अंतिम सांस ली। अभिनेता मुंबई के नानावटी अस्पताल में अपना इलाज करा रहे थे। विभु को 2022 में कोलन कैंसर का पता चला था। अदिति मलिक और सौम्या टंडन सहित उनके करीबी दोस्तों ने उनके अंतिम संस्कार की जानकारी साझा करके उनकी मृत्यु की खबर की पुष्टि की।



### हरिद्वार जमीन घोटाले में 2 आईएएसऔर एक पीसीएस अफसर समेत 12 लोग सस्पेंड

**नई दिल्ली,** 3 जून (न्यूज चैनल)। हरिद्वार जमीन घोटाले में धामी सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में दो आईएस और एक पीसीएस अफसर समेत कुल 12 लोगों को सस्पेंड कर दिया गया है। मामले में डीएम, एसडीएम और पूर्व नगर आयुक्त पर भी गाज गिरी। अब विजिलेन्स जमीन घोटाले की जांच करेगी। मामला 15 करोड़ की जमीन को 54 करोड़ में खरीदने का है, जिसमें हरिद्वार नगर निगम ने एक अनुपयुक्त और बेकार भूमि को अत्यधिक दाम में खरीदा। न भूमि की कोई तात्कालिक आवश्यकता थी, न ही खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता बरती गई। शासन के नियमों को दरकिनार कर यह घोटाला अंजाम दिया गया। जांच के बाद रिपोर्ट मिलते ही बड़ी कार्रवाई करते हुए हरिद्वार के जिलाधिकारी कर्मेन्द्र सिंह, पूर्व नगर आयुक्त वरुण चौधरी और एसडीएम अजयवीर सिंह को सस्पेंड कर दिया। साथ ही वरिष्ठ वित्त अधिकारी निकिता बिष्ट, कानूनगों राजेश कुमार, तहसील प्रशासनिक अधिकारी कमलदास, और वरिष्ठ वैयक्तिक सहायक विक्की को भी निलंबित किया गया। उत्तराखंड में पहली बार ऐसा हुआ है कि सत्ता में बैठी सरकार ने अपने ही सिस्टम में बैठे शीर्ष अधिकारियों पर सीधा और कड़ा प्रहार किया है। हरिद्वार ज़मीन घोटाले में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा लिए गए निर्णय केवल एक घोटाले के पर्दाफाश की कार्रवाई नहीं, बल्कि उत्तराखंड की प्रशासनिक और राजनीतिक संस्कृति में एक निर्णायक बदलाव का संकेत हैं।




चूहा- सुनती हो, चिराग पासवान रायपुर में बोल गए हैं कि छग में लोक जनशक्ति पार्टीका विस्तार करेंगे।

चुहिया- हां जी, पर उनको कहना चाहिए कि लोक जनशक्ति पार्टी की स्थापना करेंगे।

## भाजपा 9 जून से 'संकल्प से सिद्धि' अभियान के तहत मोदी सरकार के11 साल पूरे होने पर अभियान चलाएगी

**रायपुर,** 3 जून (हाईवे चैनल)। भारतीय जनता पार्टी आगामी 9 जून से %संकल्प से सिद्धि% अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के विकसित भारत के अमृत काल और सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के गौरवपूर्ण 11 साल पूरे होने पर देशव्यापी सघन अभियान चलाएगी। कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक रजनीश सिंह ने बताया कि इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ में भी भाजपा प्रदेश इकाई द्वारा विविध कार्यक्रमों की संरचना की गई है। इस हेतु समग्र मार्गदर्शन के लिए प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव जी की उपस्थिति में 3 जून को एकात्म परिसर में प्रदेशस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसमे मोदी सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुँचाने के लिए 9 जून से 21 जून तक यह अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान %विकसित भारत का अमृत काल एवं सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 साल% पर आधारित होगा।

- **कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक रजनीश सिंह ने बताया- छत्तीसगढ़ में भाजपा प्रदेश इकाई द्वारा विविध कार्यक्रमों की संरचना की गई**

अभियान के प्रदेश संयोजक श्री सिंह ने बताया कि विश्व योग दिवस के निमित्त सभी मंडलों में योग शिविर का आयोजन रखा गया है। ग्राम / वार्ड / शक्ति केन्द्र / बूथ स्तर पर 15 से 17 जून तक प्रत्येक शक्ति केंद्र पर एक चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे और शहरों में मोहल्ला चौपाल एवं पंचायत केंद्रों में ग्राम चौपाल का आयोजन होगा। इन कार्यक्रमों में 11 वर्ष की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। आयुष्मान योजना (वय वंदन) में शत-प्रतिशत वरिष्ठ नागरिकों का पंजीकरण एवं कार्ड वितरण किया जाएगा और लोगों को विकसित भारत का संकल्प दिलाया जाएगा। मोदी सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों का साहित्य घर-घर वितरित करेंगे। इन कार्यक्रमों के लिए प्रदेश की राजधानी एवं बड़े नगरों में केंद्रीय मंत्री/राष्ट्रीय पदाधिकारी/मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री प्रवास होगा और जिला स्तर पर प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश सरकार के मंत्री, सांसदों का प्रवास होगा। मंडल पर जिला पदाधिकारी, विधायक, मेयर, निर्वाचित जनप्रतिनिधि, मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी और शक्तिकेंद्र पर मंडल स्तर से ऊपर के सभी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि का प्रवास होगा। जिला स्तर पर सेमिनार, लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान कार्यक्रम के अतिरिक्त छात्रों / कॉलेजों / शैक्षणिक संस्थाओं को लक्षित कर कार्यक्रम किए जाएंगे और प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

## कन्नड़ भाषा पर विवादित टिप्पणी पर अभिनेता कमल हासन को हाईकोर्ट ने लगाई फटकार

### आप किसी की भावनाओं को ठेस नहीं पहुंचा सकते

**नई दिल्ली**, 3 जून (न्यूज चैनल)। कन्नड़ भाषा को लेकर विवादित टिप्पणी करने के सिलसिले में साउथ सुपरस्टार कमल हासन को कर्नाटक हाईकोर्ट से फटकार पड़ी है। कोर्ट ने कमल हासन को लेकर कहा है कि आप बेशक कमल हासन होंगे लेकिन आपको किसी की भावनाएं आहत करने का कोई हक नहीं है।

कमल हासन की अपकमिंग फिल्म 'ठग लाइफ' को लेकर कर्नाटक हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान बड़ा बवाल खड़ा हो गया है। दरअसल, अभिनेता द्वारा हाल ही में दिए गए एक विवादित बयान ने राज्य में जबरदस्त नाराजगी फैला दी है। अब इस मुद्दे पर कर्नाटक हाईकोर्ट ने उनकी कड़ी आलोचना की है और उनकी भूमिका पर सवाल उठाए हैं। बता दें कमल हासन फिल्म के प्रमोशन के दौरान कह दिया था कि 'कन्नड़ तमिल भाषा से ही पैदा हुई है'।सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति एम नागप्रसन्ना ने कमल हासन के बयान पर नाराजगी जताते हुए कहा कि 'कोई भी नागरिक जनभावनाओं को ठेस पहुंचाने का अधिकार नहीं रखता।' उन्होंने आगे कहा कि 'जल, भूमि और भाषा, ये तीनों हर नागरिक की पहचान से जुड़ी होती हैं। देश का विभाजन भी भाषायी आधार पर हुआ था।' कोर्ट ने हासन के बयान को असंवेदनशील और विभाजनकारी बताया।




न्यायमूर्ति ने सख्त लहजे में सवाल पूछा, 'क्या आपके पास इस दावे का कोई ऐतिहासिक प्रमाण है? आपने ऐसा बयान देकर कर्नाटक की जनता की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। आखिर आपने किस आधार पर ये बात कही? क्या आप इतिहासकार हैं? या फिर भाषाविद् कोर्ट का कहना था कि अगर केवल एक माफीनामा आ जाता, तो मामला वहीं सुलझ जाता। कमल हासन ने कर्नाटक में अपनी फिल्म ठग लाइफ की रिलीज और स्क्रीनिंग सुनिश्चित करने के लिए अदालत में याचिका दायर की थी। उनके वकील ने तर्क दिया कि हासन का बयान जानबूझकर नहीं था और उसका मकसद किसी की भावनाएं आहत करना नहीं था। लेकिन कोर्ट ने उनकी इस दलील को खारिज करते हुए कहा, 'अगर आप माफी नहीं मांगते, तो फिर फिल्म कर्नाटक में क्यों रिलीज होनी चाहिए? क्या आप सिर्फ कमाई के लिए आए हैं? अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब यह नहीं कि आप जनभावनाएं आहत करें।'

## घर में घुसकर अधेड़ की गला रेतकर हत्या

**कवर्धा,** 3 जून (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कवर्धा से हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई है. जहां दिनदहाड़े घर में घुसकर अधेड़ व्यक्ति का गला रेतकर मर्डर कर दिया गया. इस वारदात के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है. मृतक की पहचान रामगुलाल धुर्वे (उम्र 40 वर्ष) के रूप में हुई है. मामला पांडातराई थाना क्षेत्र के महली गांव का है.

जानकारी के मुताबिक, घटना उस समय हुई जब रामगुलाल अपने घर में अकेले था. इस दौरान आरोपी ने घर के आंगन में हत्या की वारदात को अंजाम दिया. परिजनों और ग्रामीणों ने रामगुलाल के शव को खून से



सना हुआ देखा तो तत्काल पुलिस को इसकी सूचना दी. पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया. फिलहाल हत्या के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है. पुलिस लगातार जांच में जुटी है. बता दें कि इससे एक दिन पहले पोड़ी क्षेत्र के प्रभाटोला गांव में एक बुजुर्ग की भी हत्या कर दी गई थी. लगातार दो दिनों में हुई हत्या की इन घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा.

## उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का एक्शन, 3 सरकारी कर्मचारी बर्खास्त, आतंकियों की मदद करने का है आरोप

**नई दिल्ली,** 3 जून (न्यूज चैनल)। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने मंगलवार को पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और हिज्ब-उल-मुजाहिदीन (एचएम) के साथ कथित संलिप्तता के लिए तीन सरकारी कर्मचारियों को बर्खास्त करने का आदेश दिया। संविधान के अनुच्छेद 311(2)(सी) के तहत की गई यह कार्रवाई राज्य के संस्थानों में आतंकवाद और उसके समर्थन नेटवर्क पर प्रशासन की चल रही कार्रवाई का हिस्सा है।



बर्खास्त किए गए तीन कर्मचारी - मलिक इश्फाक नसीर, जम्मू-कश्मीर पुलिस में कांस्टेबल; एजाज अहमद, स्कूल शिक्षा विभाग में शिक्षक; और वसीम अहमद खान, सरकारी मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर में जूनियर असिस्टेंट है। तीनों फिलहाल जेल में हैं। अधिकारियों ने कहा कि तीनों सुरक्षा बलों और नागरिकों के खिलाफ ऑपरेशन में आतंकवादी समूहों की सीधे तौर पर मदद कर रहे थे। 2007 में भर्ती हुए पुलिस कांस्टेबल मलिक इश्फाक नसीर को लश्कर का सक्रिय सहयोगी पाया गया। उसका भाई मलिक आसिफ नसीर पाकिस्तान में प्रशिक्षित लश्कर का आतंकवादी था, जो 2018 में मारा गया। मलिक ने पुलिस बल में सेवा करते हुए संगठन का समर्थन करना जारी रखा, हथियारों और विस्फोटकों की तस्करी में मदद की। जम्मू क्षेत्र में हथियारों की तस्करी की 2021 की जांच के दौरान उसकी संलिप्तता सामने आई। मलिक ने कथित तौर पर सीमा पार लश्कर के संचालकों के लिए जीपीएस-निर्देशित हथियारों की आपूर्ति के समन्वय के लिए अपने आधिकारिक पद का इस्तेमाल किया। वह जम्मू-कश्मीर के भीतर सुरक्षित ड्रॉप ज़ोन की पहचान करने और आतंकवादियों को हथियार वितरित करने के लिए भी जिम्मेदार था।2011 में सरकारी स्कूल में शिक्षक के रूप में नियुक्त एजाज अहमद पुंछ में एचएम के साथ मिलकर काम करता पाया गया। नवंबर 2023 में उसके संबंधों का खुलासा हुआ जब उसे और उसके एक सहयोगी को नियमित पुलिस जांच के दौरान पकड़ा गया। उसकी टोयोटा फॉर्च्यूनर में हथियार, गोला-बारूद और हिज्ब-उल-मुजाहिदीन के पोस्टर मिले। सेना, वायुसेना और राज्य आपदा बल लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे हैं। मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों तक और बारिश की संभावना जताई है, जिससे हालात और बिगड़ सकते हैं। सरकार और प्रशासन की कोशिश है कि जान-माल की हानि को हर संभव रोका जा सके।

## माता-पिता और खुद के 18 बैंक खातों को कमीशन पर देता था युवक, अब तक 1.5 करोड़ का ट्रांजेक्शन

**कवर्धा,** 3 जून (हाईवे चैनल)। सायबर ठगी के बढ़ते मामलों के बीच पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है. कवर्धा पुलिस ने एक ऐसे आरोपी को गिरफ्तार किया है, जो खुद के नाम से 16 बैंक खाते और अपने माता-पिता के नाम पर दो खाते खोलकर उन्हें ठगों को किराए पर देता था. यह ठग गिरोह इन खातों का इस्तेमाल ऑनलाइन धोखाधड़ी में करता थे. आरोपी मोहन जायसवाल के खिलाफ भारत के 8 अलग-अलग राज्यों में मुकदमा दर्ज है.



पुलिस ने किया गिरफ्तार

पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान मोहन जायसवाल, निवासी पोड़ी चौकी, सुराजपुरा के रूप में हुई है. मोहन सोशल मीडिया के जरिए ठगों के संपर्क में आया था. ठगी के लिए उपयोग किए गए खातों में आए पैसों को वह 10त्न कमीशन काटकर आगे के खातों में ट्रांसफर करता था. पुलिस की जांच में सामने आया है कि इन खातों से 1.5 करोड़ (डेढ़ करोड़ रुपए) से अधिक रुपए का ट्रांजैक्शन हुआ है. पुलिस ने मोहन के पास से विभिन्न बैंकों की पासबुक, चेकबुक और अन्य दस्तावेज बरामद किए हैं. एसपी धर्मेंद्र छवैया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा किया और बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेज दिया गया है. उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी अजनबी के कहने पर अपना बैंक खाता या दस्तावेज साझा न करें और साइबर अपराध से सतर्क रहें. फिलहाल मामले की जांच कर रही है. पुलिस को उम्मीद है कि इस गिरफ्तारी से साइबर ठगी के एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हो सकता है.